आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 25.08.2024   समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जस्टिस फोर ऑल के लिए टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर दिया।
- प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना की है– मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने लोगों से पोषण अभियान से जुड़ने की भी अपील की।
- केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस को मंजूरी दिये जाने से कर्मचारी संगठनों ने जताई खुशी।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–अगले दो–तीन दिन राज्य के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश का पूर्वानुमान।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने नये आपराधिक कानूनों में दण्ड की जगह न्याय को स्थान दिया है। आज जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के हीरक जयंती समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने जस्टिस फोर ऑल के लिए टेक्नोलॉजी की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश में 18 हजार से ज्यादा न्यायालयों को कम्प्यूट्रीकृत किया जा चुका है और 26 करोड़ से ज्यादा मामलों की जानकारी नेशनल ज्युडिशियल ग्रिड से एक ही जगह उपलब्ध करवाई जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट के अस्तित्व से देश की एकता का इतिहास भी जुडा हुआ है और राष्ट्रीय एकता हमारी न्यायिक व्यवस्था की आधारशिला है।

....................

इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश संजीव खन्ना, राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने त्वरित कार्यक्रम को लॉन्च किया। राजस्थान हाईकोर्ट पहला राज्य है जिसमें ये कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान उच्च न्यायालय के संग्रहालय का उद्‌घाटन किया और एक स्मारिका का भी विमोचन किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के जलगांव में एक समारोह में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री सामुदायिक निवेश कोष के लिए ढाई हजार करोड़ रूपये भी जारी किये। इससे स्वयं सहायता समूहों के 48 लाख सदस्यों को लाभ होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल में हाल ही में 11 लाख नई लखपति दीदियां लखपति बनी हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस महीने की 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चंद्रयान–3 की सफलता के जश्न के रूप में मनाया। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 23 अगस्त को चंद्रयान–3 ने चंद्रमा के दक्षिणी भाग शिव–शक्ति बिंदु पर सफल लैंडिंग की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं से बातचीत भी की। श्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से युवाओं से विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए देश के पॉलिटिकल सिस्टम से जुडने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस साल लालकिले से उन्होंने गैर राजनैतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनैतिक क्षेत्र से जुडने का आह्वान किया था। इसके बाद बहुत सारे युवाओं ने प्रतिक्रियाएं दी और वे राजनीति में आने के लिए उत्सुक है तथा सही मौके और मार्गदर्शन की तलाश कर रहे है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन में फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और जीवनशैली पर ध्यान देने को कहा। श्री मोदी ने लोगों से सुपरफूड यानी मोटा अनाज को अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल करने को भी कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों की अच्छी सेहत के लिये जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे। बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा, हर साल देश में पोषण माह मनाया जाता है। पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति से भी जोड़ा गया है। उन्होंने इस अभियान से जुडने की अपील की।

................

प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान में देशवासियों द्वारा दिखाये गये उत्साह पर कहा कि इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। श्री मोदी ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से पर्यावरण संरक्षण की भी बात कही। प्रधानमंत्री ने आगामी त्यौहारों जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नवी और तेलुगु भाषा दिवस के लिए लोगों को बधाई दी। प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। राज्य के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज जोधपुर के एसएन मेडिकल कॉलेज सभागार में मन की बात कार्यक्रम के 113वीं कड़ी को सुना। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जैसलमेर सांचौर और भीलवाडा में भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। टोंक जिले में भी कई स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। इसमें पेंशन की गारंटी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई

दिल्ली में बताया कि इस योजना में, न्यूनतम 25 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को आखिरी के 12 महीनों के मूल वेतन के औसत की पचास प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। केन्द्र सरकार के इस फैसले को लेकर राजस्थान में कार्यरत केन्द्रीय कर्मचारियों में खुशी की लहर है। उत्तर–पश्चिम रेलवे एम्पलोइज युनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने गारंटीड पेंशन योजना की मांग को यूपीएस में स्थान दिये जाने पर केन्द्र सरकार की सराहना की।

.................

कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सी.एम यादव ने पारिवारिक पेंशन निश्िंचत किये जाने पर केन्द्र सरकार का आभार जताया।

...................

ऑल इण्डिया एससी/एसटी रेलवे एम्पलोइज के अध्यक्ष बी.एल बैरवा ने कहा कि यूपीएस के तहत सेवा निवृत कर्मचारियों को पूरा लाभ मिलेगा जो सरकार का सराहनीय कदम है।

...................

000

प्रदेश के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर बारिश दौसा में दर्ज की गई। सिरोही के रेवदर में 13 और सवाईमाधोपुर के चौथ का बरवाडा में 12 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। डीग में आज तेज बारिश होने से सडकों पर पानी भर गया। पाली में सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। नीमका थाना जिले में पिछले दो दिनों की तेज धूप के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। माउंट आबू सहित सिरोही जिले में आज अच्छी बारिश हुई। इस बारिश से नदी–नालों में पानी की आवक तेज हो गई है। अजमेर में तेज बारिश के बाद आनासागर में पानी की आवक बढ़ने से झील के सभी गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। कोटा में लगातार बारिश से पानी की आवक बढ़ने से आज कोटा बैराज के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कम दबाव का तंत्र सकिय होने से राज्य के दक्षिणी व पूर्वी हिस्सों में अगले दो–तीन दिन भारी से अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में 28 अगस्त से कमी होने का पूर्वानुमान है।

000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने नागरिकों से इस महीने की 29 तारीख को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कम से कम एक घंटे के लिए किसी भी आउटडोर खेल में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में डॉ. मांडविया ने कहा कि आउटडोर खेलों में लोगों की भागीदारी फिट इंडिया मूवमेंट को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'खेलेगा इंडिया, तभी तो खिलेगा इंडिया' का दृष्टिकोण देश को खेलों के प्रति मार्गदर्शन देगा।

000